श्री डा. जीवनाथ ओझा द्वारा प्रवर्तित एवं रामेश्वरनाथ ओझा श्रीमती कान्ति ओझा, श्रेयांश ओझा द्वारा सम्पादित श्रीमहावीर पञ्चाङ्गम् देखकर ही खरीदें।

विवाहे पञ्चशलाका चक्रम्



वधू प्रवेशनेदाने वरणे पाणिपीडने।
वेध: पञ्चशलाकाख्योऽन्यत्रसप्तशलाकक:।।

अथ ग्रहाणां चतुर्विध सम्बन्धमाह।

प्रथम: स्थानसम्बन्धो दृष्टिजस्तु द्वितीयक: तृतीय: सत्येकतोदृष्टि: स्थित्येकत्र चतुर्थक:।।१।।

अन्योन्यगौ तथा स्वे स्वेसंयुतावन्यभेस्थिति:। पूर्णेक्षितौ मिथे वापि चैक वर्ग गतौ यदा।।२।।

अथ ग्रहाणां फल विचारे विशेषमाह उच्च त्रिकोण स्वसुहृच्छत्रु नीच गृहांकगै: शुभं सम्पूर्णपादेन दलं पादाल्प निष्फलमिति।

बाण पंचकम्। (रवि गतांशा)

व्रतेत्याज्य: रोग: ८, १७, २६

अनलोऽयंगृह स्याच्छादने त्याज्य: सशल्य: २, ११, २०, २९

नृपसेवायां नृप: ४, १३, २२

यात्रायांत्याज्य: चौर: ६, १५, २४

विवाहेत्याज्य: मृत्यु: १, १०, १९, २८

।।ॐ।।
श्रीमहावीर पञ्चाङ्गम्

राजा-सूर्य:

।श्री।
काशी का शुद्ध पञ्चाङ्ग

।।ॐ।।
श्री विश्वनाथाय नम:

मंत्री-सूर्य:

अथ ग्रहाणामरिष्टं परिहरत्वमत्राह

राहु: दोषं बुधो हन्यादुभयोस्तु शनैश्चर:। त्रयाणां भूमिजो हन्ति चतुर्ण्णां दानवार्चित:।।१।।

पञ्चानां देवमन्त्री च षण्णां दोषन्तु चन्द्रमा। सप्तदोषं रविर्हन्याद्विशेषादुत्तरायणे।।२।।

अथ स्थान विशेषेण ग्रहाणां विफलत्वमाह- सभानुरिन्दु: शशिजश्चतुर्थे गुरु: सुते भूमिसुत: कुटुम्बे।।भृगु: सपत्ने रविज: कलत्रे विलग्नतस्ते विफला भवन्तीति।।३।।

विवाहादन्यत्र सप्तशलाका चक्रम्।



चक्रे सप्तशलाकाख्ये सवेध: सर्वकर्मसु। चिन्तनीयो विवाहे तु पञ्चरेखासमुद्भव:।।

श्री संवत् २०८२, शाके १९४७, बंगला सन् १४३१ मेषार्कत: १४३२, ईसवीय सन् २०२५-२०२६, फसली सन् १४३२-१४३३, हिजरी सन् १४४६-१४४७, गतकलि: ५१२६, वर्ष विश्वा १२ समताकरम्।

अकूपारं तीर्त्वा जनकतनयापादकमले।
प्रणम्याथो लंकामनयतसलीलं मलिनताम्।।
कृते यो रामस्य प्रथितचरितं कल्मषहरम्।
सदाऽहं तं वन्दे पवनतनयं भक्त परमम्।।

श्रीसंवत् २०८२, शाके १९४७ वर्षे समय-शुद्धि:

खरमास:-	वर्षारम्भात्- वैशाख कृष्ण १ रवित: (१३.४.२०२५) यावत्।
गुरु:	वर्षारम्भे वृष राशौ, ज्येष्ठ कृष्ण ३ गुरुत: (१५.५.२०२५) मिथुन राशौ, ज्येष्ठ शुक्ल १५ बुधत: (११.६.२०२५) पश्चिमास्त:। आषाढ़ शुक्ल १२ सोमत: (७.७.२०२५) पूर्वोदय:। मार्गशीर्ष कृष्ण ७ भौमत: (११.११.२५) वक्री, चैत्र कृष्ण ७ भौमत: (७.३.२६) मार्गी।
शुक्र:	पौष कृष्ण ७ गुरुत: (११.१२.२०२५) पूर्वास्त:, माघ शुक्ल १५ रवित: (१.२.२०२६) पश्चिमोदय:।
शनि:	वर्षारम्भात् (३०.३.२०२५) मीन राशौ वर्ष पर्यन्तम्। श्रावण कृष्ण २ शनित: (१२.७.२०२५) वक्री, मार्गशीर्ष शुक्ल ७ गुरुत: (२७.११.२०२५) मार्गी।
राहु:-	वर्षारम्भे मीन राशौ, ज्येष्ठ कृष्ण ३ गुरुत: (१५.५.२०२५) कुम्भ राशौ वर्षपर्यन्तम्।
केतु:-	वर्षारम्भे कन्या राशौ, ज्येष्ठ कृष्ण ३ गुरुत: (१५.५.२०२५) सिंह राशौ।
पौराणिक-	ज्येष्ठ कृष्ण १० गुरुत: (२२.५.२०२५) अगस्त्यास्त:। आश्विन कृष्ण १ सोमत: (८.९.२०२५) अगस्त्योदय:।
खरमास:	धनु-मीन राशिगते सूर्ये खरमास:।
विवाह:	वैशाख, ज्येष्ठ, मार्गशीर्ष शुक्ल, पौष कृष्ण, फाल्गुन, चैत्र कृष्ण पक्षे।

वर्ष लग्नम्

४।२४।२४।१४



आर्द्रादौ भूमादौ वर्षाढक

आर्द्रा.	पुनर्व.	पुष्य	श्लेषा	मघा
२।।	२।।	२	१।।	२।।
पू.फा.	उ.फा.	हस्त	चित्रा	स्वाती
१।।	१।।	१।।	१	१

आषाढे, ३, श्रावणे ४, भाद्रपदे ४, आश्विने १, कार्तिके, अन्येषु मासेषु साधारण वृष्टि:।

विन्ध्योत्तरवासिनांविशोंत्तरीयमतेनायव्ययचक्रम्

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कं.	तु.	वृ.	ध.	म.	कु.	मी.	राशय:	योग:
१४	८	१४	८	११	१४	८	१४	११	५	५	११	आय:	१२३
११	५	२	१४	११	२	५	११	२	५	५	२	व्यय:	७५

विन्ध्यदक्षिणवासिनामष्टोत्तरीयमतेनायव्ययचक्रम्।

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कं.	तु.	वृ.	ध.	म.	कु.	मी.	राशय:	योग
२	११	१४	८	११	१४	११	२	५	८	८	५	आय:	९९
१४	५	२	२	११	२	५	१४	५	१४	१४	५	व्यय:	९३

अनेन चक्रेण विशेष विचार:- लाभव्ययौ समौकृत्वा एक हीनं तु कारयेत्। अष्टभिस्तु हरेद्भागं शेषांके फलमादिशेत्।। लाभं१, सौख्यं २, क्लेश ३, रोगं ४, लोकापवादनं ५, सम्मानम् ६, विजयं ७, हानि: ८, कथितं पूर्व सुरभि:।। अथवा उभय लाभैक्यं लाभ:।। व्ययैक्यंञ्च व्यय इति। विभागे यत्र लाभेक्यमधिकं तत्र शुभम्। काश्यां पलभा ५।४५ आक्षांशा: २५।१८ चरखण्डा ५७।४६।१९, देशान्तर स्पष्ट घट्यादि: १।९

धर्मो रक्षति रक्षित: — **श्रीकाशीस्थधर्मसभासदांसम्मतम् - २०८२** — सत्यान्नास्ति परोधर्म:

वर्षारम्भे 'कालयुक्त' नाम संवत्सर: संकल्पादौ वर्षपर्यन्तम् योजनीयम्

श्री डॉ.जीवनाथ ओझा, एम.ए.गणित पीएच.डी. विद्यावारिधि ज्योतिषशास्त्राचार्येण प्रवर्तितम्

प्रधानसम्पादक
रामेश्वरनाथ ओझा एम.ए. ज्योतिषशास्त्राचार्य
सम्पादिका
श्रीमती कान्ति ओझा एम.एससी. गणित, ज्योतिषी
सहायक सम्पादक- श्रेयांश ओझा
कार्यालय श्री महावीर पञ्चाङ्गम्
बी.३७/१८२-क, खन्ना वाटिका, बिरदोपुर, वाराणसी। मो.९४५१५२८८३४
सलाहकार- डॉ.सुरेन्द्रनाथ ओझा पूर्व प्रोफे. राजकीय आयुर्वेदिक कालेज सं.सं.वि.वि. वाराणसी।
अजगरा (तारगाँव) चन्दौली, वाराणसी।

अग्रिम वर्षे चैत्र शुक्ल १ गुरुत: 'सिद्धार्थ' नाम संवत्सर: प्रवेक्ष्यति।

जगल्लग्नम्

११।२५।३३।३६



जन्मलग्नाज्जगल्लग्न फलम्

१ देह सुखम्	७ स्त्री
२ धन लाभ:	८ रोगभयम्
३ कुटुम्ब वृद्धि:	९ धर्म लाभ:
४ मित्र सुखम्	१० पुत्रप्राप्ति:
५ पुत्र प्राप्ति:	११ लाभ:सुखम्
६ शत्रु जय:	१२ व्यय कष्टम्

मूल्य- 85/-
विदेश में $ 6/-

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ	विषय	पृष्ठ
मुख्य पृष्ठ	१	दैनिक तेजी मन्दी	४०
समय शुद्धि	१	विभिन्न मन्त्र	४०
संवत्सरावली	२	पल्ली पतन फल	४०
वर्षफल	२	वास्तु शास्त्र चक्रावली	४१
राशिफल	३	यात्रा विचार	४२
मासफल	४	शिववास चक्र	४३
ग्रहण	४	ग्रहगोचर फल	४३
शनि की साढ़ेसाती	४	रेखाष्टक सारिणी	४३
पञ्चांग देखने की रीति	५	अक्षांश-देशान्तर एवं काशी की लग्न सारिणी	४४
मुहूर्त्त सूची	५-६	दशमलग्न सारिणी एवं विंशोत्तरी महादशा चक्रम	४५
मधुमेह रोग एवं उसकी चिकित्सा-व्यवस्था	७	योगिनी दशाचक्र	४५
पञ्चांग परिचय	७	ग्रहों का उच्च-नीच-मूल त्रिकोण, अङ्ग स्फुरण तिथि वार, योग इत्यादि	४६
होड़ा चक्र एवं मेलापक विचार	८	धर्मशास्त्रम्	४७
गुणमेलापक चक्र, ग्रह-गोचर मंत्र, रत्नधारण	९	संक्षिप्त पूजन विधि	४८
मुहूर्तबोधक चक्रावली	१०-११	संदिग्ध व्रत पर्व निर्णय	४८
कुण्डलीका भाव फल नष्टवस्तु ज्ञान चक्र	१२	भारतीय व्रत पर्व	४८
पक्ष १२ माह का	१३-३६		
सरलसंध्या, तर्पर्ण-विशिष्ट योगावली	३७-३८		
प्रसुति लग्न विचार राहुकाल	३८-३९		
सामान्य योग विचार	३९		

सर्वाधिकार प्रधान सम्पादक के अधीन

श्री पंडित ऋषिकेश पाण्डेयेन विरचितम्

प्रकाशक- ठाकुर प्रसाद एण्ड सन्स बुकसेलर वाराणसी।

श्रीमहावीर पञ्चाङ्गम्

प्रवर्तक एवं आद्यसम्पादक
स्व.डॉ.जीवनाथ ओझा
एम.ए.गणित, ज्योतिषशास्त्राचार्य
विद्यावारिधि पीएच.डी.

विद्वत्सुपूज्यः कमनीयकीर्तिः। ज्योतिर्विदां यो गणिते च दक्षः।।
पञ्चांग निर्माण विधौ प्रशस्तः। तं जीवनाथं पितरं नमामि।।१।।
वाराणसी मण्डलमध्यवर्ती। ग्रामः सुधन्यो भुवि तारगाँवः।।
लब्धा च येनात्र जनिः पवित्रा। प्रीतिर्भवेत्तस्य सुपादपद्मे।।२।।
दूरीकृतस्तेन घनाऽन्धाकरः। शिक्षाप्रचारेण सदानराणाम्।।
सर्वं स्वकार्यं हनुत्प्रसादात्। संसाधितं तं प्रणमामि नित्यं।।३।।

दो शब्द

विगत ८२ वर्षों से प्रस्तुत **श्रीमहावीर पञ्चाङ्गम्** आपकी सेवा में अनवरत् प्रकाशित हो रहा है। अनन्त श्रीविभूषित स्वामी करपात्री जी ने सन् १९४३ में दिल्ली के यमुना तट पर एक यज्ञ का आयोजन किया था, उसी अवसर पर हमारे पूज्य पिता स्व०पण्डित जीवनाथ ओझा ने उनका दर्शन कर पञ्चाङ्ग निर्माण-प्रकाशन की अपनी अभिलाषा बताई तब श्रद्धेय स्वामी करपात्रीजी ने हनुमत् आराधना के लिए 'अकूपारं तीर्त्वा जनकतनया पादकमले......' श्लोक दिया तथा अपनी सम्मति एवं आशीर्वाद इस पञ्चाङ्ग के निमित्त प्रदान किया। तब से अद्यतन् यह पञ्चाङ्ग आपके सम्मुख है।

आप कृपालु पाठकों के स्नेह एवं सहयोग का ही परिणाम है कि आज काशी का यह प्राचीन एवं लोकप्रिय पञ्चाङ्ग भारत ही नहीं अपितु विदेशों में रहने वाले भारतीय बन्धुओं में भी सर्वथा प्रचलित है।

पञ्चाङ्गापेक्षित परामर्श, सुझाव का हम सदैव आदर करते हैं, अतः अपना अमूल्य सुझाव और सम्मत्ति भेजते रहें, इससे हमारा उत्साह बढ़ेगा। यद्यपि कि पूरा प्रयास किया जाता है कि कहीं कोई त्रुटि न रह जाये किन्तु दृष्टि में न आने के कारण यदि कोई छूट हो जाती है तो आप विद्वत्जनो से निवेदन है कि सहयोग करें।

पुनश्च—यदि पञ्चाङ्ग में छपाई से सम्बन्धित कोई त्रुटि हो जैसे पक्ष उल्टा लगा हो या ना लगा हो या छपाई से सम्बन्धित और कमी हो तो कृपया 9369516832 पर संपर्क कर अपना नाम, पता लिखवा दें। आपकी शिकायत दूर की जायेगी।

कृपाकांक्षी
रामेश्वरनाथ ओझा
श्रीमती कान्ति ओझा
9451528834

श्रीमंगलमूर्त्तयेनमः

काशीशं गणनायकं सुरगुरुं देवीं तथा श्रीपतिम्।
स्तुत्वावायुसुतं सभक्ति मनसा ध्यात्वा च नत्वा गुरुम्।।
स्वर्गीयं पितरं नमामि विबुधं श्रीजीवनाथं हि तम्।
नित्यं लोकहिताय यस्य कृपया पञ्चाङ्गमातन्यते।।

संवत्सरावली

सतयुग का मान	-	१७,२८००० वर्षाणि
त्रेतायुग का मान	-	१२,९६,००० वर्षाणि
द्वापरयुग का मान	-	८,६४,००० वर्षाणि
कलियुग का मान	-	४,३२,००० वर्षाणि

इस वर्ष कल्पारम्भ से १९५५८८५१२६ वर्ष कलियुग के आरम्भ काल से ५१२६ वर्ष, श्रीविक्रमादित्य के सिंहासनारोहण काल से २०८२ वर्ष एवं शकारम्भ से १९४७ वर्ष व्यतीत हुए। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा ३० मार्च रविवार को सूर्य सिद्धान्तीय अहर्गण = ७१४४८४१६५०३५ + ३५५ = ७१४४८४१६५३९० एवं ग्रहलाघवीय अहर्गण ३७२९ तथा गत चक्र ४५ तदुपरि ४६ है। वर्षारम्भ से **कालयुक्त** नामक संवत्सर चलेगा, जो संकल्पादि में वर्षभर प्रयोग किया जायेगा। अगले संवत्सर में **चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से सिद्धार्थ** नामक संवत्सर का प्रयोग प्रारम्भ होगा।

५२वाँ 'कालयुक्त' संवत्सर— **प्रजानां जायते रोगः कालयुक्ते विशेषतः।**
राजयुद्धं भवेद घोरं प्रजानाशो वरानने।।

शिवजी कहते हैं कि हे वरानने! कालयुक्त संवत्सर में जनता को रोग, राजाओं में भयंकर युद्ध तथा प्रजा का नाश होगा।

५३वां 'सिद्धार्थ' संवत्सर— **तोयपूर्णो भवेन्मेघो बहुसस्या वसुन्धरा।**
सुखिनः पार्थिवाः सर्वे सिद्धार्थे श्रृणु सुन्दरी।।

शिवजी पार्वती जी से कहते हैं कि सिद्धार्थ संवत्सर में मेघ जल से पूर्ण रहेंगे, पृथ्वी सस्ययुक्त रहेगी। अन्न का उत्पादन अधिक होगा। इस संवत्सर में राजा लोग सुखी रहेंगे।

ग्रह सभासद विचार— **चैत्रादिमेषादिकुलीरतौली मृगादिवाराधिपतिक्रमेण।**
राजा च मन्त्री ह्यथ सस्यनाथो रसाधिपो नीरसनायकश्च।।
आर्द्रादिनाथो घननायकश्च धान्याधिपश्चापदिनादिवारः।।

राजा सूर्य फलम्

सूर्ये नृपे स्वल्पजलाश्च मेघा स्वल्पं धान्यमल्पफलाश्चवृक्षाः।
स्वल्पं पयो गोषु जनेषु पीडा चौराग्निबाधा निधनं नृपाणाम्।।

इस संवत्सर में राजा का पद सूर्यदेव को मिला है जिसके फल में अल्प वर्षा होगी, अन्न तथा फल का उत्पादन कम, गायें अल्प दूध देने वाली, जनता को पीड़ा, चोर तथा अग्नि का भय तथा राजाओं (शासक वर्ग) का मरण होगा।

मंत्री सूर्य फलम्

नृपभयं गदतोऽपि हि तस्करात्प्रचुरधान्यधनानिमहीतले।
रसचयं हि समर्घतमं तदा रविरमात्यपदं हि समागतः।।

मन्त्री भी सूर्यदेव ही हैं जिसके फल में जनता को राजा, रोग तथा चोरों से भय, पृथ्वी पर प्रचुर अन्न का उत्पादन तथा रसपदार्थ सस्ते होंगे।

सस्येश बुध फलम्— **जलधरा जलराशिमुचो भृशं सुखसमृद्धियुतं निरूपद्रवम्।**
द्विजगणः स्तुतिपाठकरः सदा प्रथमसस्यपतौ सति बोधने।।

बुध के सस्येश होने के फलस्वरूप मेघ अधिक वर्षा करने वाले, जनता सुख-समृद्धि से युक्त, उपद्रव रहित, द्विज लोग शान्तिपूर्वक पूजा-पाठ करने में तत्पर रहेंगे।

दुर्गेश सूर्य फलम्— **नयविशेषकरस्तरणिस्तदा गतभया नरराजपुरोगमाः।**
समधिकेन तदा नृपतोन्यतः पथिषु संव्रजतां न भयं क्वचित्।।

यदि सूर्य दुर्गेश हों तो शासक लोग अधिक नीति सम्पन्न व्यवहार करने वाले, राजा-प्रजा निर्भय, शासन की सुव्यवस्था के कारण पथिकों को कोई भय उत्पन्न नहीं होगा।

धनेश बुध फलम्— **द्रविणपो हिमरश्मिसुतो यदा विविधसंग्रहवस्तुफला तदा।**
द्विजवरा जपयज्ञसुसंयुताः कृषि विशेष विशेषित मानसाः।।

बुध ही धनेश भी है जिसके फल में लोग विविध वस्तुओं का संग्रह करेगें, विप्रवर्ग जप-यज्ञ में तल्लीन होगा तथा लोग (जनता) कृषि पर विशेष ध्यान देंगे।

रसेश शुक्र फलम्— **भृगुसुते रसनायकतां गते जनपदा जलतोषितमानसाः।**
सुखसुभिक्षप्रमोदवती धरा धरणिपा नरपालनतत्पराः।।

यदि रसेश शुक्र हो तो अच्छी वृष्टि से जनता प्रसन्न, सुख-समृद्धि सम्पन्न तथा शासक लोग जनता के पालन में तत्पर रहेंगे।

धान्येश मंगल फलम्- **गोधूमसर्षपा मुदगतिलभाषप्रवालकाः।**
महर्घं जायते घोरं भौमे धान्याधिपे सति।।

धान्येश मंगल के फल में गेहूँ, सरसों, मूँग, तिल, उड़द तथा मूँगा के भाव में महँगी होगी।

नीरसेश बुध फलम्— **चित्रवस्त्रादिकं चैव शंखचन्दनपूर्वकम्।**
अर्धवृद्धिः प्रजायेत नीरसेशो बुधो यदि।।

बुध ही नीरसेश भी हैं जिसके फल में चित्रवस्त्र, शंख तथा चन्दन का मूल्य महँगा होगा।

फलेश शनि फलम्— **यदि शनि फलपः कलहो भवेज्जनित पुष्पगणास्तरवः सदा।**
द्विजभयं नरतस्कररजं तदा जनपदा जनराशिसमाकुला।।

यदि शनि फलेश हो तो फल-पुष्प तथा वृक्षों के लिये लड़ाई-झगड़े, मनुष्यों तथा चोरों से द्विजाति को कष्ट, जनपदों में जनसमूह व्याकुल रहेगा।

मेघेश सूर्य फलम्— **रवौ मेघाधिपे जाते स्वल्पतोयप्रदा घनाः। स्वल्पं धान्यं भवेल्लोके भयं च भूतले सदा।।** सूर्य के मेघेश होने के फलस्वरूप मेघ अल्प वर्षा करने वाले होंगे। अन्न का उत्पादन स्वल्प होगा तथा संसार में भय व्याप्त रहेगा।

रोहिणी वास फलम्— **समुद्रे तु महावृष्टि।** रोहिणी निवास समुद्र में होने से अधिक वर्षा के योग बन रहे हैं।

संवत्सर वास फलम्— **सर्व वस्तुसमर्घं स्यान्मालाकारगृहेऽब्दके।** संवत्सर का निवास माली के घर में होने से सभी वस्तुएँ सस्ती होगी हैं। *समय वाहन फलम्—* **गजारूढो वत्सरश्च सुभिक्षं च प्रजासुखम्। वर्षाकाले सुवृष्टिश्च सुखिनः सर्वजन्तवः।।** इस वर्ष समय का वाहन हाथी होने से सुभिक्ष तथा जनता को सुख होगा। वर्षाॠतु में अच्छी वर्षा होगी। सभी जीव सुखी रहेंगे। *आर्द्रा नक्षत्र प्रवेश फलम्—तिथि फलम्—* **द्वादश्यां शुभदः प्रोक्तं।** द्वादशी तिथि में आर्द्रा प्रवेश शुभदायक होगा। *वारफलम्—* **रौद्रऽर्के भानुवारे स्यातप्रवेशे पशुनाशनम्।** सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश रविवार को हो रहा है। जो पशुओं का नाश करने वाला होगा। *नक्षत्रफलम्—* **भरण्यामशुभं प्रोक्तं-** भरणी नक्षत्र में सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश अशुभ होगा। *योगफलम्—* **सुकर्म नामयोगके यदीशभ रविर्व्रजेत। तदा समस्त भूसुराः सुकर्म कर्तुयुद्यताः।।** सुकर्मा योग में आर्द्रा का प्रवेश होने से सम्पूर्ण ब्राह्मण लोग अच्छे कामों के करने में उद्यत रहेंगे। *बेलाफलम्-* **मध्यं दिने स्वल्प फला च पृथ्वी।** आर्द्रा नक्षत्र का प्रवेश मध्यान्ह काल में हो रहा है। अतः इस वर्ष फलों का उत्पादन मध्यम अर्थात् सामान्य होगा। *नवमेघानां—* **स्यान्नीलः क्षिप्रं तु वर्षति-** नील नामक मेघ में शीघ्र वर्षा का योग है। *चतुर्मेघानां—* **संवर्तो जलपूरितः-** संवर्त नामक मेघ होने से जल से पूर्ण होने का योग है।

वर्षा विचार

मानसून पूर्व १५ से २२ जून के मध्य वर्षा होने की सम्भावना बन रही है। तत्पश्चात् २२ जून से आर्द्रा नक्षत्र का प्रवेश जल राशि के लग्न में हो रहा है तथा उस पर शुभ ग्रहों की दृष्टि भी पड़ रही है। अतः आर्द्रा नक्षत्र में वर्षा होने के योग मिल रहे है। जुलाई के प्रथम सप्ताह में अच्छी वृष्टि होने की सम्भावना है। ६ जुलाई को पुनर्वसु नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश भी जल लग्न में हो रहा तथा उस पर शुभग्रहों की दृष्टि होने से अच्छी वृष्टि की सम्भावना हैं। २० जुलाई को पुष्य नक्षत्र में सामान्य से लेकर अच्छी वर्षा होगी। जुलाई के अन्तिम सप्ताह में भी वृष्टि होने की सम्भावना अच्छी है। ३ अगस्त को श्लेषा नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश एवं उसकी परिस्थितियों के अनुसार अच्छी वर्षा होगी। १८ अगस्त को मघा नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश भी वृष्टिकारक है। अगस्त के अन्त में भी अच्छी वर्षा होगी। ३१ अगस्त को पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में सामान्य वृष्टि होगी। सितम्बर के द्वितीय सप्ताह में वर्षा होने की सम्भावना है। उ.फा. नक्षत्र का सूर्य १३ सितम्बर को आयेगा। इसमें प्रवेश के समय तो सामान्य वृष्टि ही होगी। किन्तु बाद में अच्छी वृष्टि होगी। २७ सितम्बर हस्त नक्षत्र के सूर्य में भी सामान्य से लेकर अच्छी वृष्टि होगी। शेष चित्रा तथा स्वाती नक्षत्र में सामान्य वृष्टि ही होगी।

वर्ष फलम्

तीक्ष्णं तपत्यदितिजः शिशिरेऽपि काले नात्यम्बुदा जलमुचोऽचनसन्निकाशाः।
नष्टप्रभर्क्षगणशीतकरं नभश्च सीदन्ति तापसकुलानि सगोकुलानि।।
हस्त्यश्वपत्तिमदसह्यबलैरूपेता बाणासनासिमुशलातिशयाश्चरन्ति।
घ्नन्तो नृपा शुधि नृपानुचरैश्चदेशान् संवत्सरे दिनकरस्य दिनेऽथ मासे।।
तीक्ष्णोऽर्कः स्वल्पसस्यश्च गतमेघोऽतितस्करः।
बहूरगव्याधिगणो भास्कराब्दो रणाकुलः।।

'कालयुक्त' नामक नवसंवत्सर २०८२, रविवार ३० मार्च २०२५ ई. से प्रारम्भ हो रहा है। भारतीय सनातन पद्धति में धार्मिक कृत्यों एवं व्रत पर्वों का स्थान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है और यह ज्योतिष शास्त्र द्वारा संचालित होता है। ज्योतिष शास्त्र भी वेद का एक अंग है इसे वेद का नेत्र कहा गया है। यह काल निर्धारक है और काल विधेयक भी। हर संवत्सर को संचालित करने के लिये ग्रह सभासदों की एक समिति बनायी जाती है जिसे **आकाशीय मन्त्रिपरिषद्** कहते हैं। इसमें कुल दस विभाग होते हैं। इस संवत्सर के मन्त्री परिषद् के पीठासीन अधिकारी अथवा **राजा ग्रहराज सूर्य** को बनाया गया है। चूँकि **मेष संक्रान्ति** भी रविवार के ही दिन लग रही है। अतः मन्त्री अथवा सचिव का पद भी सूर्यदेव को प्राप्त हो गया। राजा और मन्त्री दोनों महत्त्वपूर्ण पदों पर महातेजस्वी सूर्य ग्रह ही विद्यमान हैं। कुल १० विभागों में से ६ विभाग पाप ग्रहों के अधीन हैं तथा ४ विभाग ही शुभ ग्रहों के पास हैं। इस प्रकार आकाशीय मन्त्रि परिषद में पापग्रहों का ही बहुमत है, परिस्थितियाँ परिणाम की स्वयमेय ही सूचक है। सूर्य के राजा होने के फलस्वरूप पृथ्वी पर सर्वत्र फसलों का उत्पादन कम होगा। मनुष्यों एवं पशुओं तथा जंगली जानवरों को भी भोजन जुटाने के लिये कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। नदियाँ-सरोवर झील-तलाब सभी सूखने के कगार पर पहुँच जायेंगे। देश की प्रमुख नदियाँ भी पानी के अभाव में क्षीण दिखायी देंगी। औषधियाँ वनस्पतियाँ तथा काष्ठ औषधियाँ अपना पूरा असर चिकित्सा में नहीं कर पायेंगी। शीतकाल में भी सूर्य की किरणें तीक्ष्ण रहेंगी। बड़े-बड़े पर्वताकार बादल उमड़-घुमड़ कर आयेंगे किन्तु जल बरसाये बिना ही चले जायेंगे। चन्द्रमा और तारों की आभा मद्धिम जान पड़ेगी। साधु-सन्यासी, तपस्वी और धार्मिक आस्था से जुड़े लोगों को किन्हीं बातों से कष्ट पहुँचेगा। गायों एवं दुधारू पशुओं को भी पीड़ा पहुँचेगी। आधुनिक अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित सेना हर प्रकार से समर्थ रहते हुए भी तथा शासक वर्ग की प्रबल इच्छा के बावजूद हिंसा, उग्रवाद, तोड़फोड़ एवं पड़ोसी देशों के शत्रुओं के षडयन्त्र से पूर्ण सुरक्षित नहीं कर पायेंगी। फलस्वरूप आतंकी हमला से देश को क्षति पहुँचेगी। आतंकवादियों द्वारा अत्यन्त घातक अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोग कर हमको भीषण क्षति पहुँचाने का कुत्सित प्रयास किया जायेगा। रासायनिक एवं विषैली गैसों का प्रयोग पड़ोसी शत्रुओं एवं आतंकवादियों द्वारा किया जा सकता है। पड़ोसी देश से युद्ध जैसी स्थिति बन जाने की सम्भावना है। देश को इस वर्ष एक साथ आन्तरिक एवं बाहरी दोनों प्रकार के शत्रुओं, रोग, तस्करी, अग्निकाण्ड, विस्फोट जैसी हिंसक घटनाओं से जूझना पड़ेगा। विस्फोट एवं अग्निकाण्ड की कई घटनायें घटेंगी। राजा सूर्य और मन्त्री भी सूर्य हैं। अतः सृष्टि के शासन संचालन में कोई विरोधाभास नहीं रहेगा। सिंह लग्न में इस संवत्सर का प्रवेश हो रहा है। जिसका फलप्रायः शुभफलकारक ही है। प्रायः आकाश में बादल दिखाई देते रहेंगे। धातुओं जैसे सोना-चाँदी ताँबा पीतल तथा लोहा का भाव तेज चलेगा। उत्तर भारत में अच्छी वृष्टि होने का फल प्राप्त हो रहा है।

वार्षिक फलादेश के लिये मेषार्क कुण्डली अर्थात् जगल्लग्न कुण्डली बहुत महत्त्वपूर्ण होती है। इस वर्ष मेषार्क कुण्डली का लग्न मीन है और लग्न में ही चार ग्रह स्थित हैं जिसमें दो पाप ग्रह हैं एवं दो शुभ ग्रह हैं। यह साल भारत की अर्थ व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा। कुछ बड़ी कम्पनियाँ भारत में आर्थिक निवेश करेगी। जनता के स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से यह वर्ष चुनौतियाँ ले कर आयेगा। संक्रमण जैसी बीमारियाँ फैलेगी। देश के यातायात-ट्रान्सपोर्ट इत्यादि के साधनों को काफी विस्तार मिलेगा। देश की सताधीन पार्टी को विपक्ष के आक्रमक रुख-रवैये से काफी परेशानियाँ उठानी पड़ेगी। शिक्षा के क्षेत्र में कोई महत्त्वपूर्ण सुधार नहीं होगा बल्कि यह क्षेत्र सरकार की उदासीनता के कारण पिछड़ जायेगा। विदेश नीति में विरोधाभास रहेगा तथा कोई निश्चित पालिसी (नीति) नहीं बन पायेगी। कुल मिलाकर देश की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। किन्तु उसका लाभ सामान्य जनता को नहीं मिलेगा। फसलों का उत्पादन सन्तोषजनक रहेगा। •

राशिफलम् संवत् २०८२

मेष— चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

वर्षारम्भ में गोचर से वृहस्पति की अनुकूलता बहुत सी उपलब्धियाँ प्रदान करेगी। धन सम्पत्ति का आगमन होगा। विरोधी एवं शत्रु आपको हानि नहीं पहुँचा पायेंगे। विवाह आदि मांगलिक कार्य करने के अवसर आयेगें। पारिवारिक एवं सामाजिक प्रेम-सौहार्द में वृद्धि होगी। यश और मान-सम्मान बढ़ेगा एवं आप स्वयं भी परोपकारी कार्य करने के लिए उत्सुक रहेंगे। वर्षारम्भ से ही शनि परिवर्तित

होकर द्वादश भाव का हो जायेगा। व्यय की अधिकता से आर्थिक स्थिति कमजोर पड़ जायेगी। १५ मई से बृहस्पति परिवर्तित होकर कुछ मध्यम हो जायेगा। खर्च पर नियन्त्रण रखना पड़ेगा तथा स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना आवश्यक होगा। पद-प्रतिष्ठा में कुछ कमी आने की स्थितियाँ बनेगी तथा सभी अधीनस्थ कार्यों में विलम्ब होगा। चढ़ती शनि की साढ़ेसाती के अरिष्ट फल से बचने के लिए हनुमान जी की आराधना निरन्तर करते रहें तथा प्रत्येक शनिवार को तिल-तेल का दीपक पीपल वृक्ष के नीचे हनुमान जी के निकट जलाते रहने से परेशानियों में कमी आवेगी। राहु-केतु १५ मई से परिवर्तित होकर कुछ राहत प्रदान करेगा। अकस्मात् कोई कार्य बन जायेगा। प्रत्येक गुरुवार को चने की दाल हल्दी और गुड़ गाय को खिलावें।

वृष– इ, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो

आपकी राशि में ही चल रहा बृहस्पति कुछ न कुछ परेशानियाँ पैदा करता रहेगा। अत्यधिक खर्च के कारण आर्थिक स्थिति कमजोर हो जायेगी। पद-प्रतिष्ठा में कमी आयेगी तथा मानसिक-बौद्धिक क्षमता कमजोर प्रतीत होगी। झगड़ा-झंझट से दूर रहना चाहिए। १५ मई से बृहस्पति बदल जायेगा तथा विगत सभी परेशानियों में कमी आने लगेगी। धन का आगमन होने लगेगा, स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। विरोधी निष्क्रिय हो जायेंगे तथा अधीनस्थ सभी कार्यों में सफलता मिलने लगेगी। वर्षारम्भ से ही शनि एकादश भाव का होकर राशि वालों के लिए बहुत शुभ फल कारक हो जायेगा। चल-अचल सम्पत्ति में वृद्धि होने की सम्भावना बनेगी। अच्छे कार्य करने की प्रवृत्ति बनेगी। राहु भी कुल मिलाकर वर्ष भर मध्यम एवं सहायक ही है। केतु भी सहायता करता रहेगा। इस प्रकार रुके एवं अधूरे कार्य पूरे होने लगेंगे। प्रायः सभी कार्यों में परिश्रम करने से सफलता का मार्ग बनने लगेगा।

मिथुन– का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा

राशि वालों के लिए यह पूरा वर्ष मध्यम फल कारक है। यद्यपि कि आप सही तरीके और पूर्ण परिश्रम तथा लगन के साथ अपना कार्य करेंगे किन्तु परिणाम आपके अनुकूल नहीं रहेगा। आपमें क्षमता एवं योग्यता रहते हुए भी तद्नुरूप आपको प्रतिफल प्राप्त नहीं होगा। १५ मई से बृहस्पति बदल जायेगा तथा आपकी ही राशि में आ जायेगा। पहले से तो कुछ ठीक होगा किन्तु शारीरिक एवं मानसिक परेशानियाँ घेरती रहेंगी जिससे कष्ट होगा। नकारात्मक विचार को अपने ऊपर हावी न होने दें अन्यथा स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। सगे-सम्बन्धियों परिजनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त नहीं होगा। राहु-केतु दोनों ही शुभफल प्रदान कर रहे हैं जिससे बीच-बीच में अकस्मात् कुछ न कुछ काम बनता रहेगा तथा लाभ होता रहेगा। गुरु की शान्ति के लिए प्रत्येक बृहस्पतिवार को '**ॐ बृं बृहस्पतये नमः**' मंत्र का १ माला जप नित्य करते रहे तथा चने की दाल, हल्दी, गुड़ का लड्डू बनाकर गाय को खिलावें। गुरुवार को ब्राह्मण बटुकों को पीला वस्त्र फल-अन्न एवं पाठ्य पुस्तकों तथा धार्मिक पुस्तकों का दान दें। शनि के लिए हनुमान जी की आराधना करते रहें तो कष्ट कटता रहेगा।

कर्क– ही, हु, हे, हो, डा, डी, डु, डे, डो

वर्षारम्भ में राशि वालों के लिए परिस्थितियाँ बहुत अनुकूल रहेंगी। मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धन का बहुविध लाभ होगा एवं स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। शुभ कर्मों में मन लगता है तथा उसको करने के अवसर भी प्राप्त होते हैं। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होते हैं नौकरी में पदोन्नति तथा व्यापार तथा व्यवसाय में वृद्धि होती है। शत्रु-विरोधी परास्त हो जाते हैं। १५ मई से बृहस्पति परिवर्तित होकर शुभ फल में कमी ला देगा। पुत्रादिकों परिजनों से मनमुटाव होने लगेगा। कष्टकर यात्रायें करनी पड़ेंगी। व्यय की अधिकता से आर्थिक स्थिति कमजोर पड़ जाती है। विश्वासपात्र व्यक्ति से भी धोखा मिलता है। शनि भी मध्यम फलकारक है। शत्रु और रोग दोनों परेशान कर सकते हैं। धार्मिक कार्यों में बाधायें खड़ी हो जाती हैं। राहु कुछ लाभ देगा तो कुछ शारीरिक परेशानियाँ जैसे आपरेशन इत्यादि की परिस्थितियाँ ला सकता है। केतु भी घाव फोड़ा फुंसी इत्यादि से कष्ट दे सकता है। कुल मिलाकर गोचर से वर्ष भर मध्यम फलकारक है। शनि एवं गुरु की शान्ति का उपाय करते रहने से लाभ होता रहेगा।

सिंह– मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे

राशि वालों के लिए यह वर्ष स्वास्थ्य धन और प्रतिष्ठा के क्षेत्र में चुनौतियाँ लेकर आयेगा। कोई भी ऐसा कार्य करने से बचें जिसको करने से मान-सम्मान में कमी आने की सम्भावना हो। व्यय की अधिकता से आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। १५ मई से गुरु का राशि परिवर्तन आपके लिए सुखद एवं अनुकूल परिस्थितियाँ पैदा करने लगेगा। नौकरी में पदोन्नति होगी एवं व्यवसाय बढ़ेगा। पद-प्रतिष्ठा, मान-सम्मान में वृद्धि होगी। घर में विवाह, पुत्र-जन्मादिक मांगलिक कार्य करने के अवसर आयेंगे। कोई स्थिर लाभ होने की सम्भावना बनेगी। शनि आपके लिए आठवें भाव का होकर नेष्ट फलकारक है। सगे सम्बन्धियों तथा परिजनों से अनबन की सम्भावना बनेगी। अतः झगड़ा-झंझट से दूर रहना ही श्रेयस्कर होगा। राहु-केतु भी अच्छा फल प्रदान नहीं कर रहे हैं। चूँकि आपके ऊपर शनि की ढैय्या का प्रभाव है अतः शनि की शांति का उपाय जैसे प्रत्येक शनिवार को पीपल वृक्ष के नीचे शनि भगवान् के सम्मुख तिल-तेल का दीपक जलायें तथा सुन्दर काण्ड का पाठ करते रहें। कष्ट कटता रहेगा और रास्ता निकलता रहेगा।

कन्या– टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

सर्वथा सुखद एवं अनुकूल परिस्थितियों के साथ वर्ष का आरम्भ हो रहा है। कार्य क्षमता में वृद्धि होगी एवं आपके द्वारा सराहनीय कार्य किये जायेंगे। अधीनस्थ सभी कार्यों में वृद्धि होगी। कई तरह से धन का आगमन होगा। किसी नये अधिकार एवं पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति सम्भावित है। कोई स्थिर लाभ होगा। १५ मई से बृहस्पति परिवर्तित होकर हल्का पड़ जायेगा तथा उसके शुभ फल में कमी आने लगेगी। पद-प्रतिष्ठा, मान-सम्मान में कमी का अनुभव होने लगेगा। स्वास्थ्य भी कुछ प्रभावित हो सकता है। धन के आगमन में भी कमी का अनुभव होगा। शनि यत्र-तत्र भ्रमण करायेगा। जीवन साथी का स्वास्थ्य भी प्रभावित होगा। किसी प्रकार की बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। राहु-केतु भी स्वास्थ्य को प्रभावित करेंगे। आपरेशन इत्यादि की सम्भावना बन सकती है। शनि की शान्ति का कुछ न कुछ प्रयास करते रहने से शनि जन्य अरिष्ट फल का शमन होता रहेगा। हनुमान जी की यथा सम्भव आराधना करते रहें।

तुला– रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

वर्षारम्भ में अष्टम का बृहस्पति अनेक प्रकार की परेशानियाँ खड़ी करता रहेगा। स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा तथा रोग-शोक-बन्धन की स्थिति रहेगी। कष्टकर यात्रायें करनी पड़ेगी तथा प्रायः सभी कार्यों में बाधायें खड़ी होती रहेंगी। शनि वर्षारम्भ से ही बहुत शुभफल प्रदान कर रहा है। अतः अनेक प्रकार की उपलब्धियाँ प्रदान करने लगेगा। शत्रु पराजित हो जायेंगे अथवा आपसे समझौता कर लेंगे। स्वास्थ्य सुधरने लगेगा। पारिवारिक जीवन में जीवन साथी के साथ सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। १५ मई से बृहस्पति भी अनुकूल हो जायेगा। कार्य क्षमता में वृद्धि होगी तथा किसी नये पद अथवा अधिकार की प्राप्ति होगी। नौकरी में उन्नति होगी एवं वाणिज्य-व्यवसाय में वृद्धि होगी। अधीनस्थ सभी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। विवाह पुत्र जन्मादिक मांगलिक कार्य करने के अवसर आयेंगे। पुत्रादिकों की भी उन्नति होगी। धन-सम्पत्ति का आगमन होगा तथा कोई स्थिर लाभ हो सकता है। राहु-केतु भी प्रायः अनुकूल ही हैं। अच्छे समय का लाभ भी तभी मिलता है जब परिश्रम एवं प्रयास कर अपने कार्य को पूर्ण किया जाय।

वृश्चिक– तो, ना, नी, नु, ने नो, या, यी, यू

वर्षारम्भ में गोचर से बृहस्पति बहुत ही शुभफलकारक है। भौतिक सुख-सुविधाओं के साधनों में वृद्धि होगी तथा स्त्री-परिवार का उत्तम सुख-सन्निध्य प्राप्त होगा। मांगलिक कार्य करने का अवसर आयेगा। वर्षारम्भ से ही शनि पंचम का होकर नेष्टफल कारक है। आर्थिक स्थिति कमजोर पड़ जायेगी तथा घर-परिवार पुत्रादिकों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। अपनी स्वयं की बुद्धि भी काम नहीं करेगी तथा गलत निर्णय ले लेने से काम बिगड़ सकता है। नौकरी में झंझट तथा वाणिज्य-व्यवसाय में हानि होने की सम्भावना बन सकती है। राहु-केतु विरोधी पैदा कर देंगे जिससे परेशानी बढ़ सकती है। १५ मई से बृहस्पति भी बदल कर अष्टम भाव का हो जायेगा जो रोग-शोक और बन्धन की स्थिति ला देगा। आर्थिक संकट तथा स्वास्थ्य से सम्बन्धित परेशानी रहेगी। बृहस्पति एवं शनि दोनों की शान्ति का उपाय अवश्य करें। '**ॐ बृं बृहस्पतये नमः**' मन्त्र का १ माला जप प्रतिदिन करें तथा प्रत्येक गुरुवार को चने की दाल, हल्दी, गुड़ का लड्डू बनाकर गाय को खिलावें तथा पीली वस्तुओं का दान करें। शनि के लिये हनुमान जी की आराधना सहायक होगी।

धनु– ये, यो, भा, भी, भू, ध, फ, ढ, भे

राशि वालों के लिये यह वर्ष मध्यम फलकारक है। गोचर से छठें भाव का आया बृहस्पति शारीरिक सुख-स्वास्थ्य को प्रभावित करेगा। सुन्दर से सुन्दर व्यक्ति एवं अच्छी से अच्छी वस्तु भी आपको प्रभावित नहीं कर पायेगी। शरीर थका-थका तथा मन उदास सा रहेगा। वर्षारम्भ से ही शनि की ढैय्या चल रही है। सगे-सम्बन्धियों एवं परिजनों का पूर्ण सहयोग नहीं मिलेगा, जिससे भावनात्मक कष्ट होगा। १५ मई से बृहस्पति परिवर्तित होकर शुभ फल देने लगेगा। जिसके कारण समय अच्छा हो जायेगा। घर-परिवार में मंगल कार्य होंगे तथा भौतिक सुख-सुविधाओं के साधन जुटेंगे। सामाजिक सौहार्द बढ़ेगा तथा आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य भी सुधरने लगेगा। किसी नये अधिकार अथवा पद की प्राप्ति हो सकती है। राहु-केतु भी शुभ फलकारक हैं अतः सभी कार्य पूर्ण होने लगेंगे। शनि की शान्ति का उपाय करते रहने से कोई परेशानी विशेष रूप से नहीं आयेगी। सुन्दर काण्ड का पाठ करते रहने से शनि जन्य कष्टों में राहत मिलेगी।

मकर– भो, जा, जी (जू, जे, जो) खी, खू, खे, खो, गा, गी

राशि वालों के लिये अत्यन्त सुखद एवं अनुकूल परिस्थितियों के साथ वर्ष का आरम्भ हो रहा है। गोचर से आया पञ्चम का गुरु बहु विध लाभकारी तथा मंगलकारी है। विवाह पुत्र जन्मादिक शुभ कार्य सम्पन्न करने के अवसर आयेंगे। १५ मई से गुरु राशि परिवर्तित कर आपके लिये कुछ हल्का पड़ जायेगा तथा गुरु द्वारा प्राप्त हो रहे शुभफलों में कुछ कमी आ जायेगी। कार्यों में कुछ व्यवधान आने लगेगा जिससे आपके मनोबल पर असर पड़ेगा। शनि वर्ष भर गोचर से तृतीय भाव का होकर बहुत ही अनुकूल है। कोई स्थिर अचल सम्पत्ति का लाभ हो सकता है। स्वजन सहयोगी सहायक सभी आपके अनुरूप कार्य करेंगे। भौतिक सुख सुविधा के साधनों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य भी सुधार पर होगा। आप अपना कार्य साहस एवं पराक्रम के साथ सम्पन्न करेंगे। राहु-केतु धोखा दिलवाकर धन की हानि करा सकते है अतः आर्थिक लेन-देन में सतर्क रहें। गुरु की शान्ति का कुछ उपाय करते रहने से कोई विशेष परेशानी नहीं आयेगी।

कुम्भ– गु, गे, गो, सा, सी, सु, से, सो दा

वर्षारम्भ में राशि वालों के लिए ग्रहों का गोचर फल मध्यम फलकारी है। चतुर्थ का बृहस्पति एवं शनि की उतरती साढ़े साती कुछ न कुछ परेशानियाँ खड़ी करते रहेंगे। वैसे शनि से काफी राहत भी मिलनी प्रारम्भ हो जायेगी। यद्यपि कि आप अपना कार्य पूर्ण मनोयोग एवं परिश्रम से करते रहेंगे किन्तु उस कार्य का सही मूल्यांकन नहीं हो पायेगा १५ मई से बृहस्पति राशि परिवर्तित कर गोचर से बहुत ही शुभ फलकारक हो जायेगा। नौकरी में पदोन्नति एवं व्यवसाय में उन्नति होगी। किसी नये अधिकार अथवा पद प्राप्ति के अवसर आ जायेंगे। घर-परिवार में विवाह पुत्र जन्मादिक मांगलिक कार्यों के अवसर आयेंगे। आपके द्वारा उल्लेखनीय कार्य किये जायेंगे जिसकी सराहना होगी। स्वास्थ्य सुधरेगा तथा जीवन साथी का उत्तम सुख सान्निध्य एवं सहयोग प्राप्त होगा। राहु आपकी ही राशि में आ गया है जो प्रायः शुभफल कारक ही है किन्तु कुछ मानसिक उलझनें देता रहेगा। शनि की शान्ति का उपाय कुछ न कुछ करते रहें। पीपल वृक्ष के नीचे हनुमान जी के निकट तिल तेल का दीपक जलावें तथा हनुमान चालीसा सुन्दर काण्ड का पाठ करते रहें।

मीन– दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची

राशि वालों के लिये पूरा वर्ष ही सामान्यता कुछ परेशानी पैदा करता रहेगा। १५ मई से गुरु परिवर्तित होकर पहले से कुछ तो राहत प्रदान करेगा किन्तु किसी न किसी रूप से कुछ न कुछ परेशानी देता ही रहेगा। अपना कार्य तो आप मेहनत एवं ईमानदारी से करेंगे। किन्तु तद्नुरूप परिणाम नहीं मिलेगा जिससे निराशा हाथ लगेगी। वर्षारम्भ से ही शनि आपकी ही राशि में आ गया है; अतः शनि की मध्य साढ़े साती का प्रभाव कष्टकर हो सकता है। राहु-केतु के कारण व्यय की अधिकता से आर्थिक स्थिति कमजोर पड़ जायेगी। गुरु एवं शनि की शान्ति का कुछ न कुछ उपाय करते रहें। प्रत्येक गुरुवार को चने की दाल, हल्दी, गुड़ का लड्डू बनाकर गाय को खिलावें। "**ॐ बृं बृहस्पतये नमः**" मन्त्र का १ माला जप नित्य करते रहें। ब्राह्मण बटुकों विद्यार्थियों को पीला वस्त्र पीला फल तथा धार्मिक पुस्तकें एवं पाठ्य पुस्तकों का दान करें। प्रत्येक शनिवार को "**ॐ शं शनैश्चराय नमः**" का जप तिल तेल का दीपक पीपल वृक्ष के नीचे जलाकर करते रहें। हनुमान जी की आराधना शनि ग्रह की शान्ति का सर्वोत्तम उपाय है। हनुमान चालीसा सुन्दर काण्ड का पाठ करें तो शनि जन्य कष्ट कम हो जायेगा।

मासफलम् : तेजी मन्दी विचार के साथ

चैत्र शुक्ल पक्ष– संवत्सर का पहला पखवारा ही उपद्रवकारी एवं दुर्घटनाकारी समझ में आ रहा है। पक्ष भर चल रहा पंचग्रही योग दैवी-प्राकृतिक आपदा ला सकता है। भूकम्पादि की भी सम्भावना बन रही है। २ अप्रैल के आस-पास बूँदा-बाँदी आँधी तूफान के योग बन रहे हैं। शेयर बाजार में चल रही तेजी सुस्त पड़ने लगेगी।

वैशाख मास– मास के पाँच रविवार एवं लगातार चार ग्रहों का एक ही राशि पर चल रहा जमावड़ा कुछ न कुछ करामात दिखाकर ही रहेंगे। मास में पाँच सोमवार भी हैं जो कुछ राहत प्रदान करेंगे। शुक्ल पक्ष में अक्षय तृतीया को रोहिणी नक्षत्र का योग शुभफल-कारक है। रविवार की मेष संक्रान्ति जौ, गेहूँ, चना आदि खाद्यान्नों तथा हाथी दाँत, लाख, मोम, केसर सिन्दूर में तेजी कारक है। साथ ही सभी प्रकार के तरल पदार्थ धातुयें ऊनी वस्त्र अलसी, एरण्ड, तिल, मेथी, लाल चन्दन इलायची, लौंग, सुपारी, नारियल कपूर, हींग, गुग्गल भी तेजी का रुख पकड़ेंगे। रविवार की संक्रान्ति एवं रविवार की ही अमावस्या दैवी प्राकृतिक घटना-दुर्घटना का कारण बनेंगे।

ज्येष्ठ मास– मासारम्भ १३ मई के आस-पास आँधी-तूफान बूँदी-बाँदी एवं वर्षा होने के योग है। गर्मी अपने चरमोत्कर्ष पर पड़ेगी। बुधवार की वृष संक्रान्ति सोना, चावल, अफीम, कपड़ा शस्त्र में तेजी लायेगी। घी, गुड़, तेल एवं खाद्यान्न जैसे गेहूँ आदि में मन्दी की अवधारणा चलेगी। मास के पाँच मंगलवार एवं मंगलवारी अमावस प्रजा पीड़ा कारक है। मनुष्यों में कोई बीमारी फैलेगी जिससे जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। शुक्ल पक्ष में पूर्णिमा के आसन्न वर्षा होने की सम्भावना है।

आषाढ़ मास– १५ से २२ जून के आसन्न मानसून पूर्व वर्षा होने की सम्भावना है। मिथुन की सूर्य संक्रान्ति एवं २२ जून को आर्द्रा नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश वर्षा कारक है। अतः खेती प्रारम्भ करने लायक वर्षा हो जाने की सम्भावना है। मास के पाँच गुरुवार एवं बुधवार की अमावस शुभफलकारी है; वहीं रविवार की मिथुन संक्रान्ति से भीषण उमस वाली गर्मी पड़ेगी। कुल मिलाकर मानसून का आगमन अपने निश्चित समय पर हो जायेगा तथा अच्छी वृष्टि भी होगी। तेज हवा के साथ वर्षा होगी। खाद्यान्नों में मँहगाई आ जायेगी। शुक्ल पक्ष में पुनर्वसु नक्षत्र के प्रवेश के फल में ६-७ जुलाई के आसपास बहुत अच्छी वर्षा होने की सम्भावना है।

श्रावण मास– मास के पाँच शुक्रवार शुभ फलकारी एवं सुभिक्ष कारक है। कर्क राशि की सूर्य संक्रान्ति भी शुभफलकारक है। २० जुलाई को पुष्य नक्षत्र का सूर्य आयेगा इसमें सामान्य वर्षा होने की सम्भावना है तथा उसके बाद भी जुलाई के अन्तिम सप्ताह में वृष्टि होने के योग प्राप्त हो रहे हैं। वायुवेग के साथ वर्षा तो होगी किन्तु हवा के झोंके बादल को इधर-उधर करते रहेंगे। वृक्षों को क्षति पहुँचेगी। शुक्ल पक्ष में ३ अगस्त को श्लेषा नक्षत्र के सूर्य में भी वर्षा होने की मध्यम सम्भावना है। ८ अगस्त के आसन्न अच्छी वृष्टि के योग मिल रहे हैं।

भाद्रपद मास– मास के पाँच रविवार, शनिवार की अमावस्या एवं रविवार

की संक्रान्ति भारी पड़ेगी। १७ अगस्त को मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि की सूर्य संक्रान्ति के फल में अच्छी वृष्टि होने की सम्भावना बन रही है। इस मास में कुछ दैवी प्राकृतिक घटना दुर्घटना घट कर धन-जन को क्षति पहुँचा सकती है। अगस्त के अन्तिम सप्ताह में एक बार अच्छी वर्षा होने की सम्भावना है। वायुवेग के साथ वर्षा होने के कारण मूंग, उड़द आदि भूसी वाले अनाजों को क्षति पहुँचेगी। भदई की फसल अच्छी होने की सम्भावना है। ज्वर-बुखार से सम्बन्धित बीमारियाँ फैलेगी। कुल मिलाकर यह मास दुर्भिक्ष एवं प्रजा पीड़ा कारक है। पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र एवं सितम्बर के प्रथम सप्ताह में वर्षा होने की सम्भावना है।

आश्विन मास– यह महीना कुछ राहत प्रदान करेगा किन्तु रविवार की अमावस्या भारी पड़ेगी। १४ सितम्बर को उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में सामान्य से अच्छी वर्षा होने के योग प्राप्त हो रहे है। गेहूँ, चावल, चना आदि हर प्रकार के अनाज तथा गुड़, खाण्ड, सोना-चाँदी में तेजी चलेगी। सरसो, तिल, तेल, घी में घटा-बढ़ी चलती रहेगी। शुक्ल पक्ष में सितम्बर के अन्त एवं २७ सितम्बर को हस्त नक्षत्र के सूर्य में भी गरज चमक के साथ सामान्य वृष्टि होने की सम्भावना है।

कार्तिक मास– मास के पाँच बुधवार व्यापार जगत के लिये उत्तम फलकारक है। मंगलवार की अमावस्या भारी पड़ेगी। अग्निकाण्ड की घटनाएँ सम्भावित है। चित्रा नक्षत्र का सूर्य ११ अक्टूबर को आयेगा। इसमें एक बार तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ वर्षा होने के योग मिल रहे है। शुक्रवार की तुला संक्रान्ति एवं सोमवार की दीपावली देश के व्यापारियों के लिये अत्यन्त शुभफलकारक है। साथ ही सुभिक्ष एवं सुविधा का वातावरण बनेगा। सोना-चाँदी, नारियल, जायफल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, अलसी, लोहा, जस्ता, कोयला, पत्थर इनका भाव तेजी पकड़ेगा। शुक्ल पक्ष में २४ अक्टूबर के आसन्न भी हल्की वर्षा होने की सम्भावना है।

मार्गशीर्ष मास– मास के पाँच गुरुवार तो शुभ फलकारक है, सुभिक्ष एवं सस्ती का वातावरण बनेगा एवं चावल-चीनी का उत्पादन अच्छा होगा। रविवार की संक्रान्ति विश्वव्यापी हिंसक वातावरण बनायेगी। कुछ देशों में युद्ध जैसी परिस्थितियाँ पैदा हो सकती है। गेहूँ, जौ, चना, चावल, तिल, तेल, सरसो, सोना, ताँबा, लोहा, जस्ता, पीतल, रुई, नमक, हल्दी, मिर्च व सफेद वस्तुओं में तेजी चलेगी। जूट सूती, ऊनी वस्त्र, गाय, भैंस में मन्दी रहेगी। गुड़, शक्कर में घटाबढ़ी होकर बाद में तेजी चलेगी। शुक्लपक्ष में किसी महापुरुष के वियोग की सम्भावना है।

पौष मास– ११ दिसम्बर के आसन्न मौसम एकाएक करवट बदलेगा। वर्षा हो सकती है। जिससे ठंडक एकाएक बढ़ जायेगी। मास के पाँच शुक्रवार शुभफलकारक है। पहाड़ों पर हिमपात होना प्रारम्भ हो जायेगा। धनु राशि की सूर्य संक्रान्ति मंगलवारी है। किराना की वस्तुओं में तेजी चलेगी। खाद्यान्नों का भाव सम चलेगा। मास के अन्त में ३ जनवरी के आसन्न ठंडक एकाएक बढ़ जायेगी। ओला पत्थर कोहरा तुषारपात एवं अन्य वर्षा इत्यादि की परिस्थितियों से ठण्डी हवाएँ हाड़ कँपा देने वाली सर्दी का वातावरण बनेगा। दैनिक उपभोग में आने वाली वस्तुयें सुलभ एवं सस्ती होकर उपलब्ध रहेंगी।

माघ मास– मास के पाँच रविवार रविवार की अमावस्या एवं रविवार की ही पुष्य नक्षत्र युक्त पूर्णिमा अनिष्टकारी है। भयंकर सर्दी से पूरा उत्तर भारत कँपकँपाने लगेगा। हिमपात एवं हिमस्खल अथवा अन्य कोई आपदा चतुर्ग्रही योग के कारण घट सकती है। बुधवार की मकर संक्रान्ति कुछ राहत देगी। ऊनी, रेशमी, कपड़े मेवा जैसे किशमिश पिस्ता के भाव एकाएक चढ़ जायेंगे। सोना-चाँदी का भाव तेजी पकड़कर फिर कुछ सुस्त हो जायेगा। खाद्यान्नों में दाल किराना में लौंग, इलायची, जावित्री तेज होगी। शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के आसन्न बादल-बदली वर्षा होने की सम्भावना बन रही है।

फाल्गुन मास– मास के पाँच सोमवार एवं मंगलवार शुभाशुभ फलकारक हैं। पहाड़ों पर हिमपात का सिलसिला जारी रहेगा। जिसके कारण ठिठुरन भरी सर्दी में कमी नहीं आयेगी। किन्तु धूप में भी तेजी रहेगी। शुक्रवार की कुम्भ संक्रान्ति सुभिक्षकारक है। किन्तु शीतकारी भी है। ज्वार, बाजरा, मक्का इत्यादि मोटे अनाज में मन्दी चलेगी। अलसी, तिल, तेल, सरसों, चावल, रुई, बिनौला, हल्दी आदि किराने की वस्तुयें तथा गुड़, शक्कर में तेजी रहेगी। फाल्गुन कृष्ण षष्ठी तिथि एवं चित्रा नक्षत्र का संयोग दुर्भिक्ष कारक है। फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा मंगलवार को खण्डग्रास चन्द्रग्रहण का फल भी अच्छा नहीं माना जायेगा।

चैत्र कृष्ण पक्ष– संवत्सर का अन्तिम पखवारा कुल मिलाकर शुभफलकारक है। १० मार्च के आसन्न आँधी-पानी के साथ ओला-पत्थर पड़ने की सम्भावना है। जिससे खड़ी फसल को क्षति पहुँचेगी।

शनि की साढ़ेसाती

शनि वर्ष पर्यन्त मीन राशि में संचरण करेगा। कुम्भ राशि वालों के लिये उतरती, मीन राशि वालों को मध्य तथा मेष राशि वालों के लिए चढ़ती शनि की साढ़ेसाती चलेगी। सिंह एवं धनु राशि वालों को शनि की ढैय्या चलेगी।

परामर्श- **शनि जन्य कष्ट निवारणार्थ शनि स्तोत्रम-**

नमस्ते कोण संस्थाय पिंगलाय नमोऽस्तुते।। नमस्ते बभ्रुरुपायृष्णाय च नमोऽस्तुते।।
नमस्ते रौद्र देहाय नमस्ते चांतकाय च।। नमस्ते यम संज्ञाय नमस्ते सौरये विभो।।
नमस्ते मन्द संज्ञाय शनैश्चर नमोस्तुते।। प्रसीदं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च।।

१. उपरोक्त शनि स्तोत्र अथवा महाराज दशरथ कृत शनिस्तोत्र का पाठ प्रत्येक शनिवार को करें, सम्भव हो तो नित्य करें। २. नौकर-भृत्य-सहायक का भरण-पोषण करें तथा उसको पास रख उसकी सहायता करें। ३. कौवे को चारा दें। ज्यादा कष्ट समझ में आवे तो काँसे के कटोरे में तेल रखकर उसमें अपनी मुखाकृति देख कटोरा सहित दान ग्रहण करने वाले को दान दें। ४. सुन्दरकाण्ड का पाठ नित्य करें।

शनिदान मंत्र-शनैश्चर प्रीतिकरं दान पीड़ा निवारकम्।
सर्वापत्ति विनाशाय द्विजाग्रयाय ददाम्यहम्।।

विंशोपका:

धान्यम् ११, तृणम् १५, शीतम् १३, तेजम् १०, उष्णम् १७, वायुः १३, वृद्धिः १५, विनाशः १५, विग्रहः ११, क्षुधा १०, तृष्णा ८, निद्रा १२, आलस्यम् १३, उद्यम् ११, शान्तिः १३, क्रोध ११, दम्भ ४, मैत्री १३, उत्सव ७, पाप ७, पुण्यत्व ७, उग्रता ११, रसोत्पत्ति ८, फलोत्पत्ति १०, व्याधि ५, व्यधिनाश ८, आचार ९, अनाचार १९, मृत्यु ८, जन्म १४, चौर १३, अग्नि ११, शमन १२, सत्यम् २, वर्षा १२, धर्म २, रत्न ११, वस्त्रम् ९, अनावृष्टि ४, अतिवृष्टि १४, मूषक ११ शूल १३, सेवकत्वम् ९, स्वामित्वम् १८, घृतम् ९, तैलम् ५, दुकूलम ५, ऊनी वस्त्रम् १६ भेदः २, उत्साह ९, भैषज्य ५।

ग्रहण विवरणम् संवत् २०८२ शाके १९४७

इस संवत्सर २०८२ में कुल चार ग्रहण पूरे विश्व में लगेंगे। दो सूर्य ग्रहण होंगे किन्तु दोनों ही सूर्य ग्रहण भारत भूमि में नहीं दिखाई देगे। दो चन्द्रग्रहण लगेंगे एवं दोनों ही चन्द्र ग्रहण भारत में दिखाई देंगे। सभी ग्रहणों के बारे में अपेक्षित जानकारी क्रमशः नीचे दी जा रही है–

१. चन्द्र ग्रहण– भाद्रपद शुक्ल १५ रविवार तदनुसार ७ सितम्बर २०२५ को चन्द्र ग्रहण लगेगा जिसे भारत भूमि से देखा जा सकेगा। भारत के अतिरिक्त इस ग्रहण को अंटार्कटिका पश्चिमी प्रशान्त महासागर, आस्ट्रेलिया, एशिया, हिन्द महासागर, यूरोप, पूर्वी अटलांटिक महासागर में दिखाई देगा।

यह खग्रास चन्द्र ग्रहण सम्पूर्ण भारत वर्ष में दिखाई देगा और यह स्पर्श से लेकर मोक्ष तक देखा जा सकेगा। भारतीय मानक समय के अनुसार ग्रहण का प्रारम्भ रात्रि में **९ बजकर ५७** मिनट पर होगा। ग्रहण का मध्य समय **रात्रि ११ बजकर ४१** मिनट पर तथा मोक्ष अथवा ग्रहण की समाप्ति रात्रि १ बजकर २७ मिनट पर हो जायेगी। काशी सहित सम्पूर्ण भारत में ग्रहण का समय उपरोक्त ही होगा।

काश्यां ग्रहण विवरणम्- भाद्रपद शुक्ल १५, रविवार ७ सितम्बर २०२५ यह ग्रहण शतभिषा नक्षत्र तथा कुम्भ राशि में लगेगा। अतः उपरोक्त राशि नक्षत्र के लोग ग्रहण को न देखें।

स्पर्श रात्रि	९।५७ बजे
मध्य रात्रि	११।४१ बजे
मोक्ष रात्रि	१।२७ बजे

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	लाभः	सुखः	मा.ना.	अ.क.	पीड़ा	सौख्यं	चिन्ता	व्यथा	श्रीः	क्षति	घातः	हानिः

२. सूर्यग्रहण– आश्विन कृष्ण ३० रविवार, २१ सितम्बर २०२५ को लगने वाला खण्ड सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई ही नहीं देगा। भारतीय मानक समय के अनुसार ग्रहण का प्रारम्भ रात्रि ११ बजे तथा मोक्ष रात्रि ३ बजकर २४ मिनट पर होगा। इस ग्रहण का कोई प्रभाव भारत में नहीं होगा। अतः संचार माध्यमों के भ्रम जाल में न पड़े।

३. सूर्यग्रहण– फा. कृ.३० मंगल. १७ फर.२०२६ को कंकणाकृति सूर्य ग्रहण भारत भूमि में नहीं लगेगा। अर्थात् नहीं दिखाई देगा। अतः इसका समय देना मात्र भ्रम फलाने का कारण बनेगा। श्रद्धालु पाठको से अनुरोध है कि किसी भ्रम-जाल में न फँसे।

४. चन्द्रग्रहण– फाल्गुन शुक्ल १५ पूर्णिमा, ३ मार्च २०२६ को खग्रास चन्द्र ग्रहण लगेगा जो भारत में ग्रस्तोदित खण्डग्रास चन्द्रग्रहण के रूप में दिखाई देगा अर्थात् जिस समय भारत के विभिन्न स्थानों पर चन्द्रोदय होगा उस समय ग्रहण लगा हुआ रहेगा एवं मोक्ष होते समय ही यह ग्रहण भारत में देखा जा सकेगा। ग्रहण का स्पर्श अथवा प्रारम्भ भारत के किसी भी स्थान में दिखाई नहीं देगा। ग्रहण की खग्रास स्थिति की समाप्ति सुदूर पूर्वी भारत के कुछ स्थानों से दिखाई देगी तथा देश के बाकी सभी स्थानों में खण्ड चन्द्र ग्रहण का मोक्ष ही दिखाई देगा।

फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा १५ मंगलवार, दिनांक ३ मार्च २०२६ ई. काश्यां ग्रस्तोदित खण्डग्रास चन्द्रग्रहणम्।

दृश्य समय	६।० सायं
मोक्ष	६।४८ सायं



पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्रे सिंह राशौ खण्डग्रासग्रस्तोदित चन्द्र ग्रहणम्।

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	चिन्ता	व्यथा	श्रीः	क्षतिः	घातः	हानिः	लाभः	सुखं	मा.ना.	मृ.तु.क.	पीड़ा	सौख्यं

३ मार्च २०२६ को भारत के प्रमुख स्थानों पर ग्रस्तोदित खण्डग्रास चन्द्रग्रहण का विवरण

स्थान	मोक्ष समय	स्थान	मोक्ष समय	स्थान	मोक्ष समय	स्थान	मोक्ष समय
अगरतला	सायं ५।२७	सीवान	,, ५।५६	भुवनेश्वर	,, ५।५३	लखनऊ	,, ६।७
गुवाहटी	,, ५।२४	मुजफ्फरपुर	,, ५।५१	पुरी	,, ५।५३	अयोध्या	,, ६।२
डिब्रूगढ़	,, ५।९	मुंगेर	,, ५।४८	बम्बई	,, ६।४५	बरेली	,, ६।१३
अहमदाबाद	,, ६।४४	भागलपुर	,, ५।५४	नासिक	,, ६।४९	मथुरा	,, ६।२०
प्रयागराज	,, ६।५	पूर्णिया	,, ५।४३	पुणे	,, ६।४९	जौनपुर	,, ६।०
अमृतसर	,, ६।३०	सीतामढ़ी	,, ५।५१	कानपुर	,, ६।१४	गोरखपुर	,, ५।५७
बंगलोर	,, ६।२८	दरभंगा	,, ५।४९	बाँदा	,, ६।१४	सीतापुर	,, ६।८
भोपाल	,, ६।२४	मोतीहारी	,, ५।५३	जबलपुर	,, ६।१४	हरदोई	,, ६।१०
चण्डीगढ़	,, ६।१९	जमशेदपुर	,, ५।५०	विलासपुर	,, ६।५	हरिद्वार	,, ६।१७
चेन्नई	,, ६।१७	राँची	,, ५।५३	कटनी	,, ६।११	रायपुर	,, ६।७
देहरादून	,, ६।१७	धनबाद	,, ५।४८	सतना	,, ६।९	आगरा	,, ६।२०
दिल्ली	,, ६।२२	डाल्टेनगंज	,, ५।५८	रीवा	,, ६।७	काङ्गमांडू	,, ६।३
पटना	,, ५।५१	देवघर	,, ५।४८	सिंगरौली	,, ६।२	पानीपत	,, ६।२१
आरा	,, ५।५७	हजारीबाग	,, ५।५३	जयपुर	,, ६।२९	शिमला	,, ६।२१
गया	,, ५।५४	आसनसोल	,, ५।४८	सूरत	,, ६।४४	मिर्जापुर	,, ६।१
बक्सर	,, ५।५७	कोलकत्ता	,, ५।४१	अहमदाबाद	,, ६।४४	गाजियाबाद	,, ६।२१
सासाराम	,, ५।५८	खडगपुर	,, ५।४५	हैदराबाद	,, ६।२२	मुरादाबाद	,, ६।१८
छपरा	,, ५।५४	राउरकेला	,, ५।५७	जम्मू	,, ६।२९		

सूतक– सूर्य ग्रहण का सूतक स्पर्श समय से १२ घंटे पूर्व प्रारम्भ हो जाता है एवं चन्द्र ग्रहण का ९ घंटे पूर्व। स्पर्श के समय स्नान पुनः मोक्ष के समय स्नान करना चाहिए। सूतक लग जाने पर मन्दिर में प्रवेश करना मूर्ति को स्पर्श करना, भोजन करना, मैथुन क्रिया, यात्रा इत्यादि वर्जित है। बालक, वृद्ध, रोगी अत्यावश्यक में पथ्याहार ले सकते हैं। भोजन सामग्री जैसे दूध, दही, घी इत्यादि में कुश रख देना चाहिए। ग्रहण मोक्ष के बाद पीने का पानी ताजा ले लेना चाहिए। गर्भवती महिलाएँ पेट पर गाय के गोबर का पतला लेप लगा लें। ग्रहण अवधि में श्राद्ध-दान-जप, मंत्र सिद्धि इत्यादि का शास्त्रोक्त विधान है। **ग्रहण जहाँ से दिखाई देता है सूतक भी वहीं लगता है एवं धर्मशास्त्रीय मान्यताएं भी वहीं लागू होती है तथा उसका फलाफल भी वही लागू होगा।**

आभार-ग्रहण विवरण तथा ग्रहों के उदय-अस्त, चन्द्रोदय-चन्द्रास्त खोगल विज्ञान केन्द्र के सौजन्य से।

सम्पादन-**श्रीमती कान्ति ओझा (एम.एससी.गणित)**

शेष पृष्ठ ६ का

तिथि १५ गुरौ (१०.७.२५) भद्रा दिवा १।२६ वादनात्परं पूर्वाषाढ़ायाम्

श्रावण शुक्ल पक्ष

तिथि १ शुक्रे (२५.७.२५) पुष्ये
तिथि ३ रवौ (२७.७.२५) मघा-पूर्वाफा.
तिथि १२ बुधे (६.८.२५) मूले
तिथि १३ गुरौ (७.८.२५) पूर्वाषाढ़ायाम् रिक्ता दिवा १।२६ वादनात्पूर्व

भाद्रपद कृष्ण पक्ष

तिथि २ सोमे (११.८.२५) शतभिषायां
तिथि १३ गुरौ (२१.८.२५) भद्रा दिवा १२।३६ वादनात्पूर्व पुष्ये

भाद्रपद शुक्ल पक्ष

तिथि १ रवौ (२४.८.२५) पूर्वाफाल्गुन्यां
तिथि ११ बुधे (३.९.२५) भद्रा दिवा १।१३ वादनात्पूर्व पूर्वाषाढ़ायाम्

आश्विन कृष्ण पक्ष

तिथि १ सोमे (८.९.२५) पूर्वाभाद्रपदे

आश्विन शुक्ल पक्ष

तिथि ७ सोमे (२९.९.२५) भद्रा दिवा १२।२६ वादनात्पूर्व मूले

कार्तिक कृष्ण पक्ष

तिथि ११ शुक्रे (१७.१०.२५) मघायां

कार्तिक शुक्ल पक्ष

तिथि ६ सोमे (२७.१०.२५) मूले
तिथि १२ रवौ (२.११.२५) पूर्वाभाद्रपदे

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष

तिथि ३ रवौ (२३.११.२५) मूले

पौष कृष्ण पक्ष

तिथि ६ बुधे (१०.१२.२५)श्लेषायां मघायां
तिथि ७ गुरौ (११.१२.२५) दिवा ८।३ वादनात्परं पूर्वाफाल्गुन्यां

पौष शुक्ल पक्ष

तिथि १ रवौ (२१.१२.२५) पूर्वाषाढ़ायाम्
तिथि ५ गुरौ (२५.१२.२५) शतभिषायां
तिथि ६ शुक्रे (२६.१२.२५) पूर्वाभाद्रपदे

माघ कृष्ण पक्ष

तिथि २ सोमे (५.१.२६) पुष्य नक्षत्रे
तिथि ४ बुधे (७.१.२६) रिक्ता दिवा १०।२९ वादनात्परं मघायां
तिथि ५ गुरौ (८.१.२६) पूर्वाफाल्गुन्यां
तिथि १३ शुक्रे (१६.१.२६) मूले

माघ शुक्ल पक्ष

तिथि ५ शुक्रे (२३.१.२६) पूर्वाभाद्रपदे

फाल्गुन कृष्ण पक्ष

तिथि ३ बुधे (४.२.२६) भद्रा दिवा १।४० वादनात्पूर्व पूर्वाफाल्गुन्यां
तिथि १० गुरौ (१२.२.२६) दिवा ११।११ वादनात्परं मूले
तिथि ११ शुक्रे (१३.२.२६) मूले

फाल्गुन शुक्ल पक्ष

तिथि २ गुरौ (१९.२.२६) पूर्वाभाद्रपदे

विशेष (श्रेष्ठ) मुहूर्त्ताः

(षोडष संस्कारों को छोड़कर नूतन उद्योग-व्यापार वाहन क्रय इत्यादि के लिये)

चैत्र शुक्ल पक्षः

तिथि १ रवौ (३०.३.२५) रेवत्यां
तिथि ९ रवौ (६.४.२५) दिवा ९।४० वादनात्परं पुष्ये
तिथि १० सोमे (७.४.२५) दिवा ९।५४ वादनम् यावत् पुष्ये

वैशाख कृष्ण पक्ष

तिथि ३ बुधे (१६.४.२५) दिवा १०।२६ वादनम् यावत् अनुराधायां
तिथि ८ सोमे (२१.४.२५) दिवा ७।५६ वादनात्परं १।४२ वादनम् यावत् श्रवणे

वैशाख शुक्ल पक्ष

तिथि ३ बुधे (३०.४.२५) रोहिण्यां
तिथि ७ रवौ (४.५.२५) पुष्ये भद्रा दिवा १२।११ वादनात्पूर्व

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष

तिथि २ बुधे (१४.५.२५) दिवा १०।३४ वादनम् यावत् अनुराधायां
तिथि ११ शुक्रे (२३.५.२५) दिवा १२।११ वादनात्परं रेवत्यां

आषाढ़ कृष्ण पक्ष

तिथि ९।१० शुक्रे (२०.६.२५) रेवत्यां

श्रावण कृष्ण पक्ष

तिथि ११ सोमे (२१.७.२५) रात्रि ८।४१ वादनात्परं श्रवणे
तिथि ३० गुरौ (२४.७.२५) सायं ५।३२ वादनात्परं पुष्ये

भाद्रपद कृष्ण पक्ष

तिथि १० सोमे (१८.८.२५) मृगशिरायां
तिथि १३ गुरौ (२१.८.२५) भद्रा दिवा १२।३६ वादनात्पूर्व पुष्य नक्षत्रे

आश्विन कृष्ण पक्ष

तिथि ८।९ सोमे (१५.९.२५) प्रातः ६।२७ वादनम् यावत मृगशिरायां
तिथि १२ गुरौ (१८.९.२५) दिवा ८।५६ वादनम् यावत् पुष्ये

आश्विन शुक्ल पक्ष

तिथि १० गुरौ (२.१०.२५) उ.षा.श्रवणे अपुच्छ मुहूर्त्ते

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्षे

तिथि १२ रवौ (१६.११.२५) हस्त नक्षत्रे

पौष कृष्ण पक्ष

तिथि १० रवौ (१४.१२.२५) भद्रा दिवा ८।१३ वादनात्पूर्व हस्त नक्षत्रे
तिथि १३ बुधे (१७.१२.२५) सायं ५।४५ वादनात्परं अनुराधायां रात्रि २।२६ वादना.

माघ कृष्ण पक्ष

तिथि १ रवौ (४.१.२६) सायं ५।१५ वादनात्परं पुष्ये
तिथि ११ बुधे (१४.१.२६) अनुराधायां

माघ शुक्ल पक्ष

तिथि १ सोमे (१९.१.२६) दिवा १२।५ वादनात्परं श्रवणे
तिथि १५ रवौ (१.२.२६) दिवा ४।१३ वादनात्परं पुष्य नक्षत्रे

फाल्गुन कृष्ण पक्ष

तिथि ९ बुधे (११.२.२६) दिवा ९।१ परं १०।३६ वादनम् यावत् अनुराधायां

फाल्गुन शुक्ल पक्ष

तिथि १३ रवौ (१.३.२६) दिवा ८।७ वादनम् यावत् पुष्ये

पञ्चाङ्ग देरवने की रीति

गत ८२ वर्षों से यह पंचाग प्रकाशित हो रहा है। अत: प्राचीन प्रेमियों के निमित्त पञ्चांग देखने की विधि बताना तो पिष्टपेषण मात्र ही हैं। पुनरपि, नवीन उत्सुक एवं जागरुक बन्धुओं के हित हेतु संक्षिप्त निर्देशन देना आवश्यक है।

प्रत्येक विज्ञान में बड़ी पारिभाषिक शब्दावलियों के स्थान पर सुविधार्थ संक्षिप्त संकेत निर्धारित कर लिए जाते हैं। इस पंचांग में भी किंचित् निर्णीत चिह्न हैं। उनका सम्यक् ज्ञान प्रथम ही आवश्यक हैं। वे निम्नांकित हैं।

उपरोक्त संकेतों को यदि किसी पक्ष का आश्रय लेकर समझा जाय तो सरलता से समझ में आ सकता हैं।

सांकेतिक चिह्न	स्पष्टार्थ	सांकेतिक चिह्न	स्पष्टार्थ	मुहूर्त के स्पष्टार्थ
दि.मा.	दिनमान	रा.	सायमान से राष्ट्री.तारीख	ग्र.व.वि. - ग्रहवल विस्वा
ति.	तिथि	चं.रा.प्र.	चन्द्रसंचार अर्थात् उक्त घटी पल पर चन्द्रराशि बदलेगा	सू.दा. - सूर्यदान
वा.	वार			चं.दा. - चन्द्र दान
घ.प.	घटी पल			भौ.दा. - भौम दान
घं.मि.	घण्टा-मिनट	सू.उ.	सूर्य-उदय	श.दा. - शनि दान
दि.	दिन	सू.अ.	सूर्य-अस्त	रा.के. - राहु-केतुदान
रा.	रात	उ.	उपरान्त	मृ.बा. - मृत्युबाण
न.	नक्षत्र	या.	यावत्	लग्न १ = मेष लग्न, लग्न २= वृष लग्न, लग्न ३ = मिथुन इसी तरह सभी लग्नों को दर्शाया जाता है।
यो.	योग	ति.दा.	तिथि-दान	
क.	करण	र.क्रां.	रविक्रान्ति (प्रतिदिन सूर्यो. कालिक क्रान्ति)	
अं.	अंग्रेजी तारीख	रे.अं.	रेलवे घटी अन्तर	ना.च.शु.= चक्र शुद्धि नही
सौ.	सौर तारीख	चं.अ.	चन्द्र-अस्त	भू.सू.= भूमि सुप्त
फ.	फसली	चं.उ.	चन्द्र-उदय	
		भ.	भद्रा	

उदाहरण- चैत्र शुक्ल पूर्णिमा (ति.१५) को लीजिए। इस तिथि को दिनमान ३१।२१ लिखा गया है। इसका अर्थ हैं कि सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन का मान ३१ घटी २१ पल हैं। आगे तिथि वार में १५ शनिवार लिखा है, इसका अर्थ तिथि १५को शनिवार है। आगे घ.प.५६।४७ लिखा है। इसका अर्थ तिथि १५ का मान ५६ घटी ४७ पल तक रहेगा। घण्टा मिनट का खाना घटी पल को घण्टा मिनट में परिवर्तित कर देता हैं। जैसे तिथि १५ का मान रात ४ बजकर २७ मिनट तक रहेगा। इस तिथि को हस्त नक्षत्र का मान २८ घटी ४४ पल है जो दिन ५ बजकर १४ मिनट तक है। व्याघ्रात नामक योग है जिसका मान ३५ घटी ३० पल है जो रात ७ बजकर ५६ मिनट तक रहेगा। करण विष्टि का मान २४ घटी २० पल तक है। द्वितीय करण बव का मान ५६ घटी ४७ पल है। मृत्यु नामक योग है। इसके आगे चन्द्र संचार का खाना है जिसमें कन्या राशि का चन्द्रमा दिन-रात रहेगा। इसके बाद उस दिन का सूर्योदय ५।४४ पर एवं सूर्यास्त ६।१६ पर होगा। रविक्रान्ति जैसे ८।२७ है इसका अर्थ ८ अंश २७ कला उत्तर क्रान्ति है। सूर्योदय कालिक स्पष्ट सूर्य ११ राशि २८ अंश ४ कला १० विकला है। उस दिन की सूर्य गति ५८।४६ अर्थात् ५८ कला ४६ विकला है। रेलवे अन्तर -१ लिखा है। इसका अर्थ है उस दिन १ मिनट घटा देने पर उस दिन का रेलवे घड़ी (स्टैण्डर्ड टाइम) के अनुसार समय होगा। चन्द्र अस्त होने का समय आगे दिया गया है। इसके अतिरिक्त दैनिक सूर्योदय कालिक ग्रह दिये गये हैं। प्रत्येक दिन की ग्रहगति दी गई हैं। दैनिक लग्न सारिणी भी दिन-रात संयुक्त लिखी गई हैं। प्रत्येक पक्ष में पक्षफल, धर्मशास्त्र, राशिफल और मुहूर्त्त सरल नागरी लिपि में लिखा गया है। काशी सूर्य घड़ी के समय (लोकल टाईम) में पंचांग में दिए हुए दैनिक अन्तर को संकेत के अनुसार धन-ऋण कर देने से काशी में रेलवे घड़ी (स्टै.टा.) के अनुसार समय हो जायेगा।

मुहूर्त्त तालिका संवत् २०८२

नोट-विस्तार से पक्ष में देखकर निर्णय लें। तिथि एवं अंग्रजी तारीख का मिलान सम्बन्धित पक्ष देखकर अवश्य कर लें।

विवाह मुहूर्त्ता:

वैशाख कृष्ण पक्ष

तिथि १ सोमे (१४.४.२५) स्वात्यां दिवा लग्नं २ वा लग्नं गोधूलि:।
तिथि २ भौमे (१५.४.२५) मैत्रे मृ.बा.।
तिथि ३ बुधे (१६.४.२५) भद्रा दिवा १०।२७ वादनात्परं अनुराधायां आ.लग्नं गोधूलि: वा रात्रौ लग्न १० वा लग्नं ११
तिथि ४ गुरौ (१७.४.२५) रात्रि शेष ५।५ वादनात्परं मूल नक्षत्रे ल.१२ पञ्चेष्टाभाव:।
तिथि ५ शुक्रे (१८.४.२५) मूल नक्षत्रे दि.लग्नं २ वा लग्नं गोधूलि: वा रात्रौ ल.१०वा११
तिथि ६ शनौ (१९.४.२५) प्रात: ६।३२ वादनम् यावत् पंचेष्टाभाव:।
तिथि ७ रवौ (२०.४.२५) उ.षा. दिवा लग्नं२ वा लग्नं गोधूलि: वा रात्रौ ल.१० वा ११
तिथि ८ सोमे (२१.४.२५) दिवा ७।५६ वादनम् यावत् उत्तराषाढ़ायाम् दिवा लग्नं२
तिथि १२ शुक्रे (२५.४.२५) मृत्युबाण दिवा ११।२७ वादनात्परं उ.भा. शुभ लग्नाभाव:।
तिथि १३।१४ शनौ (२६.४.२५) भद्रा दिवा ४।२८ परं रेवत्यां लग्नं गो.वा रात्रौ ल.१०

वैशाख शुक्ल पक्ष

तिथि २ भौम (२९.४.२५) रात्रि ९।३० वादनात्परं रोहिण्यां ल.१० वा ल.११
तिथि ३ बुधे (३०.४.२५) रोहिण्यां दिवा लग्नं २ वा ल.४ वा लग्नं गोधूलि: रात्रि८।१६ वादनात्परं मृगशिरायां ल.१०वा ल.११
तिथि ४ गुरौ (१.५.२५) मृगशिरायां भद्रा दिवा ४।० वादनात्परं लग्नं गोधूलि:।
तिथि ८ सोमे (५.५.२५)सायं ५।५८ वादनात्परं मघायां लग्नं गोधूलि: वा ल.१०वा११
तिथि ९ भौमे (६.५.२५) मघायां दिवा लग्नं २ वा लग्नं वा लग्नं ४ वा लग्नं गोधूलि।
तिथि १० बुधे (७.५.२५) रात्रि८।२३ वादनात्परं उत्तराफा. पंचेष्टाभाव: भद्रा व्याप्ति:।
तिथि ११ गुरौ (८.५.२५) भद्रा दिवा२।१६ वादनात्परं उ.फा.लग्न गोधूलि: ततो हस्त नक्षत्रे ल.१० वा ११
तिथि १२ शुक्रे (९.५.२५) हस्त नक्षत्रे दिवा ल.२वा ५वा लग्नं गोधूलि: वा रात्रौ ल.८
तिथि १३ शनौ (१०.५.२५) रात्रि ३।३ वादनात्परं स्वात्यां लग्नं १२ पंचेष्टलग्नाभाव:।
तिथि १४ रवौ (११.५.२५) स्वात्यां रात्रि ७।११ वादनात्परं आ.लग्नं गोधूलि:।
